## महत्वपूर्ण एवं खास

### 05-05 किलो वजनी 3 बारूदी सुरंगें बरामद

बीजापुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ की बीजापुर जिला पुलिस ने सुरक्षा बलों को सीरियल ब्लास्ट से भारी नुकसान पहुंचाने के मकसद से बिछायी गयी 05-05 किलो 3 वजनी बारूदी सुरंगें बरामद करने में सफलता हासिल की है। बस्तर डीआईजी रतनलाल डांगी ने बताया कि थाना बासागुड़ा से पुलिस की संयुक्त टीम धरमापुर की ओर सघन गश्त सर्चिंग के लिए रवाना की गयी थी। इसी दौरान पुलिस पार्टी को जान से मारने की नीयत से बिछायी गयी 05-05 किलो वजनी 3 टिफिन प्रेशर बम, डेटोनेटर एवं बिजली का वायर बरामद किया गया। सुरक्षा के मद्देनजर उक्त टिफिन बम को मौके पर ही निष्क्रिय कर दिया गया।

### विभिन्न पदों के लिए ऑनलाईन परीक्षा 28 को

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित विभिन्न पदों की ऑनलाईन परीक्षा आगामी 28 जून 2018 को रायपुर शहर स्थित आयोग द्वारा निर्धारित 9 परीक्षा केन्द्रों में आयोजित की जाएगी। उक्त परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए डिप्टी कलेक्टर सीमा ठाकुर (मो. नं. 99936-81890) को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### बीए बीएड और बीएससी बीएड की परीक्षा एक जुलाई को

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित हाने वाली बी.ए. बी.एड. और बी.एस.सी. बी.एड प्रवेश परीक्षा आगामी एक जुलाई रविवार को सुबह 10 बजे से 12.15 बजे तक व्यापम द्वारा निर्धारित 8 परीक्षा केन्द्रों में आयोजित की जाएगी। परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए डिप्टी कलेक्टर सीमा ठाकुर (मो. नं. 99936-81890) को नोडल अधिकारी एवं सहायक परियोजना अधिकारी के.एस. पटले (मो. नं. 99266-15200) को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। परीक्षा के लिए कलेक्टोरेट के कक्ष क्रमांक 06 में कंट्रोल रूम बनाया गया है जिसका दूरभाष नंबर 0771-2413233 है।

### कैबिनेट ने दी अनुपूरक बजट को मंजूरी

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिह की अध्यक्षता में मंगलवार को मंत्रालय में हुई कैबिनेट की बैठक में दो महत्वपूर्ण विषय पर फैसले लिये गये। राज्य सरकार ने जहां आगामी विधानसभा सत्र में वित्तीय वर्ष 2018-19 के लिए प्रथम अनुपूरक बजट को मंजूरी दी गई, वहीं हमर छत्तीसगढ़ योजना की मियाद 3 महीने के लिए बढ़ाई गई।

### पुलिस परिवार का आंदोलन जायज : कंवर

रायपुर (आरएनएस)। पुलिस परिवार के आंदोलन को लेकर राज्य के पूर्व गृहमंत्री ननकी राम कंवर ने एक बड़ा बयान देते हुए आंदोलन को जायज करार दिया है। श्री कंवर ने कहा कि राज्य सरकार ने जब शिक्षाकर्मियों की मांगें मानी, बस ऑपरेटरों की मांग सुनी तो फिर पुलिस कर्मचारियों की मांगों पर विचार क्यों नहीं किया गया?

### पेट्रोल डीजल की मूल्य वृद्धि देशभर में, आपरेटर संघ ने किराया भाड़ा छग में बढ़वाया

रायपुर (आरएनएस)। देशभर में पेट्रोल डीजल का मूल्य बढ़ने के उपरांत केवल छग राज्य ही ऐसा है जहां पर बस आपरेटर संघ द्वारा आये दिन परिवहन मंत्री को चक्काजाम कर धरना प्रदर्शन की धमकी दी जाती है। प्रतिदिन आवाजाही करने वाले एवं केवल बस से सफर करने वाले अनेक यात्रियों ने इस पर कड़ी आपत्ति करते हुये बस आपरेटर संघ द्वारा किराया एवं माल भाड़े में वृद्धि का कड़ा विरोध करते हुये बस आपरेटर संघ के प्रदेश अध्यक्ष से यह जानना चाहा है कि अधिक दूरी के लिए बसों का सहारा लेने वाले यात्री दोपहिया वाहन में किराया भाड़े में हुये वृद्धि के चलते आसानी से आवाजाही कर सकते है।

### कार्यालयीन कामकाज में करें बोलचाल की हिंदी का प्रयोग : सिन्हा

कोरबा (आरएनएस)। मंगलवार को एनटीपीसी के विकास भवन में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 11 वीं बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए एनटीपीसी के कार्यकारी निदेशक नीरज कुमार सिन्हा ने कहा कि समय के साथ कार्यालयों में हिंदी के कामकाज में बढ़ोतरी हुई है। श्री सिन्हा ने कहा कि हमें कार्यालयों में हिंदी के कामकाज को लेकर छोटे-छोटे लक्ष्य निर्धारित करने चाहिए और फिर रणनीति बनाकर साधारण बोलचाल की भाषा को बढ़ावा देते हुए इन लक्ष्यों को प्राप्त करने का प्रयास करना चाहिए।

### जिला पंचायत अध्यक्ष ने किया निःशुल्क गैस कनेक्शन का वितरण

कुरूद (आरएनएस)। कुरूद विकासखण्ड के ग्राम पंचायत चारभाठा में प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत निःशुल्क गैस कनेक्षन का वितरण 27 हितग्राहियों को किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में रघुनंदन साहू अध्यक्ष जिला पंचायत धमतरी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती ममताधरम कुर्रे सरपंच चारभाठा ने किया।

# लंबित मांगों को लेकर शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों ने किया जोरदार विरोध-प्रदर्शन

**राज्य भर के शासकीय कर्मी सामूहिक हड़ताल पर, कलेक्टर को सौंपेंगे ज्ञापन, मांग पूरी न होने पर दिया अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी**

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन के तत्वाधान में आज राज्य भर के शासकीय कर्मचारियों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर सांकेतिक हड़ताल किया। राजधानी के बूढ़ातालाब धरना स्थल में शासकीय कर्मचारियों ने अपनी एकजुटता दिखाई और लंबित मांगों को पूरा कराने नारेबाजी की।

छत्तीसगढ़ प्रदेश में करीब 2 लाख 25 हजार की संख्या में शासकीय कर्मचारी और अधिकारी कार्यरत हैं। शासकीय कर्मचारियों व अधिकारियों के करीब 28 संगठन है। इन सभी संगठनों के नेताओं ने पूर्व में बैठक और चर्चा कर अपनी एकजुटता दिखाई थी और आज 27 जून को सामूहिक अवकाश लेकर एक दिवसीय सांकेतिक हड़ताल का ऐलान किया था। इसी क्रम में आज राज्य भर के शासकीय कर्मचारियों ने सामूहिक अवकाश लेकर सांकेतिक हड़ताल में शामिल हुए। ज्ञात हो कि कर्मचारी संगठन ने चार स्तरीय पदोन्नति वेतनमान, वेतन विसंगति, सहित अनेक मुद्दों पर आज तक




किसी प्रकार की सकारात्मक पहल नही होने के कारण प्रतीकात्मक रूप से विरोध स्वरूप एक दिवसीय सांकेतिक हड़ताल कर प्रदर्शन किया है।

शासकीय अधिकारियों-कर्मचारियों के अनुसार वर्ष 2013 के घोषणा पत्र में तृतीय व चतुर्थ कमचारी वर्ग के लिए भाजपा सरकार ने कुछ वादे किए थे। उन मांगों के पूरा ना होने पर प्रदेशभर के कर्मचारी वर्ग ने आज एक दिन का अवकाश लेकर प्रदर्शन करने जुट गए हैं।

**ये है प्रमुख मांगें :**

1 भाजपा के विधान सभा चुनाव 2013 के संकल्प पत्र चुनावी घोषणा पत्र में किये गये कर्मचारी हितैषी वादों को पूरा करने जिनमें चार स्तरीय पदोन्नति वेतनमान, लिपिकों सहित समस्त संवर्ग की वेतन विसंगति दूर करन, पूर्ण पेंशन की पात्रता के लिए 33 वर्ष की जगह 25 वर्ष करने सहित बहुत से वादे शमिल हैं को पूरा कराने ।

2 सातवें वेतनमान का ऐरियर्स प्रदान करते हुए गृह भाड़ा भत्ता सहित समस्त भत्तों को 1 जनवरी 2016 से दिया जाए।

3 प्रदेश के समस्त निगम मंडल के साथ साथ समस्त पेंशनरों को भी सातवें वेतनमान का लाभ 01 जनवरी 2016 से देने।

4 संविदा कर्मचारियों, अनियमित और दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को पूर्व की भांति नियमित करने।

5 प्रदेश के कर्मचारियों तथा पेंशनरों को केन्द्रीय दर पर महंगाई भत्ता देने

6 राज्य परामर्शदात्री समिति की नियमित बैठक हर तीन माह मे आयोजित करवाने।

7 लंबित किश्त का अविलंब नगद भुगतान करने।

8 नये रायपुर में बसने के इच्छुक अधिकारियों ए कर्मचारियों को सस्ती दरों पर विकसित भूखंड उपलब्ध कराने।

9 विभिन्न संगठनों की मान्यता संबंधी लंबित मामले का निराकरण कराने के साथ ही प्रांतीय पदाधिकारियों को पूर्व की तरह मंत्रालय पास जारी कराने जैसे मुद्दे शमिल हैं।

## 18 तहसीलदार-अधीक्षक बने डिप्टी कलेक्टर

रायपुर, (आरएनएस)। राज्य में पदस्थ तहसीलदारों, अधीक्षकों, भू-अभिलेख-आयुक्त तथा कलेक्टर कार्यालयों के अधीक्षकों को राज्य प्रशासनिक सेवा के कनिष्ठ श्रेणी वेतनमान में डिप्टी कलेक्टर के पद पर पदोन्नति दी गई है।

सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय से जारी आदेशानुसार अधीक्षक कार्यालय कलेक्ट्रेट भू-अभिलेख बिलासपुर वहिदुर्रहमान को डिप्टी कलेक्टर जिला सूरजपुर, रामशीला लाल, अधीक्षक कार्यालय कलेक्टर भू-अभिलेख सरगुजा को डिप्टी कलेक्टर जिला बलरामपुर-रामानुजगंज, अरूण कुमार सोनकर तहसीलदार राजनांदगांव को डिप्टी कलेक्टर जिला दुर्ग, श्रीमती गीता शुक्ला तहसीलदार पटवारी प्रशिक्षण शाला रायपुर को उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रायपुर, श्रीमती लता उर्वसा तहसीलदार बिलासपुर को डिप्टी कलेक्टर जिला राजनांदगां, संदीप ठाकुर तहसीलदार बलौदाबाजार-भाटापारा को क्षेत्रीय उपायुक्त भू-अभिलेख बिलासपुर, जयशंकर उरांव विशेष सहायक अजा, अजजा, अपिव एवं अल्पसंख्यक विकास एवं स्कूल शिक्षा को यथावत पद पर बनाए रखा गया है। श्रीमती शारदा अग्रवाल तहसीलदार दुर्ग को प्रबंधक छग राज्य भंडार गृह निगम रायपुर, देवसिंह उईके तहसीलदार बेमेतरा को डिप्टी कलेक्टर जिला बेमेतरा, श्रीमती सरस्वती बंजारे तहसीलदार जांजगीर-चांपा को डिप्टी कलेक्टर जिला रायगढ़, अमित कुमार गुप्ता तहसीलदार बिलसपुर को डिप्टी कलेक्टर जिला सरगुजा, श्रीमती पूनम शर्मा तहसीलदार एनआरडीए रायपुर को डिप्टी कलेक्टर जिला रायपुर, जागेश्वर कुमार कौशल तहसीलदार दुर्ग को सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रायपुर, प्रकार कुमार टंडन तहसीलदार दुर्ग को डिप्टी कलेक्टर जिला कबीरधाम, कुमारी गीता रायस्थ तहसीलदार कांकेर को डिप्टी कलेक्टर जिला दुर्ग, प्रताप कुमार ठाकुर तहसीलदार बलौदाबाजार-भाटापारा को डिप्टी कलेक्टर जिला बलौदाबाजार-भाटापारा, आरके दीक्षित अधीक्षक जिला कार्यालय रयपुर को डिप्टी कलेक्टर जिला रायपुर, सीएल झोलपे अधीक्षक संभागायुक्त कार्यालय दुर्ग को डिप्टी कलेक्टर जिला कांकेर बनाया गया है।

## छग में 1 करोड़ 81 लाख 52 हजार 143 मतदाता

**मतदाताओं की फाइनल सूची 27 सितंबर को**

रायपुर (आरएनएस)। आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग जोर-शोर से तैयारियों में जुटा हुआ है। एक जनवरी 2018 की स्थिति में राज्य में कुल 1 करोड़ 81 लाख 52 हजार 143 मतदाता है। इनमें पुरूष मतदाता 91 लाख 34 हजार 816, महिला मतदाता 90 लाख 16 हजार 517 एवं थर्ड जेंडर मतदाता 810 है। इसके अलावा सर्विस मतदाता की संख्या 11607 एवं 3 ओवरसीज मतदाता है। यह जानकारी आज छग के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुब्रत साहू ने निर्वाचन कार्यालय के कांफ्रेंस हॉल में प्रेसवार्ता में दी।

निर्वाचन पदाधिकारी श्री साहू ने बताया कि एक जनवरी 2018 की स्थिति में प्रदेश में कुल 1 करोड़ 81 लाख 52 हजार 143 मतदाता है।श उन्होंने बताया कि बूथ लेवल अधिकारियों के द्वारा घर-घर सर्वे 15 मई 2018 से 20 जून 2018 तक की अवधि में किया गया। साथ ही राज्य के पांच विधानसभा क्षेत्रों भिलाई, सरगुजा, बस्तर, रायपुर पश्चिम एवं बिलासपुर में बीएलओ एप के माध्यम से ऑनलाईन घर-घर सर्वे का कार्य किया गया है। उन्होंने बताया कि 1 जनवरी 2019 की स्थिति में भविष्य मतदाताओं की जानकारी भी बीएलओ के द्वारा संकलित की गयी है जो लोकसभा निर्वाचन में सूची के अद्यतन किये जाने में सहायक होगी।

## छत्तीसगढ़ के शिक्षकों से राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए आवेदन 30 तक आमंत्रित

रायपुर (आरएनएस)। केन्द्रीय मानव संसाधन विकास मंत्रालय की योजना के तहत छत्तीसगढ़ राज्य के स्कूली शिक्षकों को भी राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित होने का मौका मिलेगा। स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने आज यहां बताया कि केन्द्रीय मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कारों के लिए प्राथमिक स्कूलों से लेकर हायर सेकेण्डरी स्कूलों तक के शिक्षकों से इस महीने की 30 तारीख तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन करने के लिए केन्द्रीय मानव संसाधन विकास मंत्रालय (एमएचआरडी) के वेबपोर्टल डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट नेशनल एवार्ड टू टीचर्स डॉट कॉम से जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए सरकारी स्कूलों के साथ-साथ केन्द्रीय विद्यालयों, जवाहर नवोदय विद्यालयों, सैनिक स्कूलों, शासकीय अनुदान प्राप्त गैर सरकारी स्कूलों तथा केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड और आईसीएसई से मान्यता प्राप्त स्कूलों के शिक्षक आवेदन कर सकते हैं।

## ट्रैक्टर पलटने से दो मासूम बच्चों की मौत

जशपुरनगर (आरएनएस)। जिले के फरसाबहार विकासखंड के तुमला थाना इलाके के पकरीडीपा गांव में खेत जुताई करते वक्त ट्रैक्टर का इंजन पलटने से दो मासूम बच्चों की मौत हो गयी, वही दो बच्चे घायल हैं।

सूत्रों से जानकरी मिली है कि ट्रेक्टर पलटने से करिश्मा (4 वर्ष) और अंजली (11 वर्ष) की दबकर मौके पर मौत हो गयी, वहीं सचिन (5 वर्ष) और कमलेश (10 वर्ष) गम्भीर रूप से घायल हैं।

## एम्स अस्पताल में मेडिकल स्टोर दिलाने का झांसा देकर युवक से 2 लाख की ठगी

रायपुर, 27 जून (आरएनएस)। एम्स अस्पताल परिसर में मेडिकल स्टोर दिलाने का झांसा देकर युवक से 2 लाख की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर गंज थाना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी रोहन नाग पिता तेजराम नाग 28 वर्ष रूपरेला मार्ग फाफाडीह का रहने वाला है। प्रार्थी व उसके दोस्त जिशान सिद्दकी 25 वर्ष ने पूर्व से परिचित आरोपी संजू उर्फ संजीव मानिकपुरी पिता स्व.महंत मेहतरू दास मानिकपुरी 40 वर्ष व शीश कुमार नाग से संपर्क किया। जिससे आरोपियों ने एम्स अस्पताल परिसर में मेडिकल दिलवाने का झांसा देकर प्रार्थी व उसके साथी से 10 लाख रूपए की मांग किए। बयाना के तौर पर प्रार्थिया ने आरोपियों को 2 लाख रूपए दिए। जब मेडिकल नहीं दिलवा पाए तो प्रार्थी ने अपना पैसा वापस मांगा। जिससे आरोपियों ने पैसे वापस करने का आश्वासन दिया।

## साढ़े तीन सौ जल उपभोक्ताओं का 29 लाख बकाया

महासमुंद (आरएनएस)। नगर पालिका के जल उपभोक्ताओं में साढ़े तीन सौ जल उपभोक्ता ऐसे हैं, जिन्हें हर दिन पालिका के नल से सुबह-शाम पानी तो चाहिए, लेकिन महीने, छह महीने यहां तक साल पूरा होने के बाद भी जल कर भुगतान करने में रूचि नहीं है। ऐसे उपभोक्ताओं से पालिका को 29 लाख वसूलना है। इस वसूली में पालिका जलकायज़ अमला तेजी से लगा हुआ है। स्थिति यह है कि बीते चार दिन में एक पूवज़ विधायक सहित एक दजज़्न घरों के नल कनेक्शन काटे गए हैं।

## आपात लैडिंग : केदार कश्यप का हैलीकॉप्टर फंसा खराब मौसम में

रायपुर (आरएनएस)। राज्य के स्कूल शिक्षा मंत्री केदार कश्यप का हेलीकॉप्टर आज खराब मौसम में फंस गया। श्री कश्यप रायपुर से कोण्डागांव रवाना हुए थे, इसी बीच मौसम को देखते हुए पॉयलट ने रूद्री में हैलीकॉप्टर लैंड कर लिया।

सूत्रों मिली जानकारी के अनुसार मंत्री श्री कश्यप रायपुर से रवाना हुए थे, लेकिन मौसम खराब होने के कारण उनका विमान कुछ देर तक आसमान में गोता खाता रहा, लेकिन पॉयलेट की सूझबूझ की वजह से हेलीकॉप्टर को धमतरी के रुद्री हैलीपेड में इमरजेंसी लैंडिंग करा कर मंत्री केदार कश्यप को सुरक्षित उतार लिया गया।

## 10 लाख के नकली नोटों के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

भिलाई (आरएनएस)। दुर्ग पुलिस ने नकली नोट के कारोबार का बड़ा भंडाफोड़ किया है। ये गिरोह ना सिंह नकली नोट बनाने का काम करता है, बल्कि उसे खपाने की भी कोशिश करता है। दुर्ग पुलिस ने भिलाई से दो युवकों को पकड़ा है, जिनके पास से 4 लाख रुपये के नकली नोट बरामद किये गये थे।

इस मामले में पुलिस ग्राहक बनकर नकली नोट के लिए खपाने वाले एक शख्स विशाल असवानी के पास पहुंची और शक सही होने पर उसे गिरफ्तार कर लिया। विशाल के पास से पुलिस को तलाशी में एक लाख रुपये नकली नोट मिले। पुलिस ने जब उसकी निशानदेही पर तालपुरी स्थित उसके घर की तलाशी तो नकली नोट चार अलग-अलग साइज में मिले, वहीं बिना काटकर अलग किये 3 लाख 60 हजार रुपये मिले, वहीं कटर, स्केल सहित अन्य सामान भी बरामद हुए। पुलिस ने वहीं से आरोपी के दूसरे साथ को भी कॉल कर बुलाया तो चुड़ामणि साहू नाम का एक छात्र पहुंचा। चुड़ामणि आईटीआई करने भिलाई आया था, और पैसा कमाने चक्कर में नकली नोट के कारोबार से जुड़ गया। चुड़ामणि ने इस बात को स्वीकार किया है कि वो इस धंधे से अभी कुछ दिन पहले जुड़ा था, जबकि विशाल एसवानी इस काम में 5 से छह साल पहले जुड़ा था। नकली नोट के कारोबार से जुड़े दोनों युवकों ने बताया कि वो बड़े नोट नहीं छापते थे, क्योंकि उसमें पकड़ाने के चांसेस ज्यादा रहते हैं।

## बस आपरेटरों की मांग पर बड़ा यात्री किराया

रायपुर (आरएनएस)। बस आपरेटरों द्वारा बढ़ते डीजल की कीमत को देखते हुए राज्य सरकार से भाड़ा बढ़ाए जाने की मांग को मंगलवार को केबिनेट की बैठक में मंजूरी दे दी गई है। मंगलवार को केबिनेट की बैठक में गहन विचार विमर्श के बाद मंत्रीपरिषद ने बस भाड़ा में 18 फीसदी बढ़ोतरी करने का निर्णय लिया है। बस मालिकों ने बस भाड़ा बढ़ाए जाने पर संतोष व्यक्त किया है। बस मालिकों के अनुसार अब यात्रियों को सामान्य बसों में प्रति किलोमीटर करीब 1 रुपए की दर से किराया देना होगा। ज्ञात हो कि बस मालिकों ने बस भाड़ा नहीं बढ़ाए जाने की स्थिति में 25 जून से हड़ताल पर जाने का फैसला किया था।